# पाठ 15. चंद्रशेखर आज़ाद

## पाठ का उद्देश्य

इस पाठ में चंद्रशेखर आज़ाद के जीवन से जुड़ी घटनाओं का चित्रण है। भारत देश को आज़ाद कराने के लिए उन्होंने जो लड़ाई लड़ी उसका वर्णन है। इस पाठ के माध्यम से बच्चों में देशप्रेम की भावना जागेगी। उन्हें साहस का महत्व पता चलेगा। उनमें सहनशीलता बढ़ेगी। चंद्रशेखर आज़ाद की जीवनी से वे दृढ़ संकल्प की भावना सीखेंगे। पाठ में आए शब्दों व अध्यापक/अध्यापिका के द्वारा पूछे गए प्रश्नों से उनका भाषा-ज्ञान बढ़ेगा। उनके श्रवण कौशल का विकास होगा और उनमें रचनात्मकता बढ़ेगी।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को शुद्ध उच्चारणसहित पाठ पढ़कर सुनाएँ।
- पाठ सुनाने के बाद उनसे पाठ से संबंधित प्रश्न पूछें।
- प्रश्न का उत्तर बताने के लिए बच्चे अपने मित्रों से चर्चा भी कर सकते हैं।
- बच्चों के द्वारा उत्तर देने पर उनका उत्साहवर्धन करें।

इस गतिविधि में पाठ सुनने तथा प्रश्न के उत्तर देने से उनकी भाषा संबंधी तथा बहुविध बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। मित्रों के साथ चर्चा करने व अपने विचार अभिव्यक्त करने से उनकी सामाजिक कुशलता तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।